# प्रेस नोट जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक 26.09.2025

- **थाना रामराज पुलिस की महिला मिशन शक्ति/एंटीरोमियों टीम द्वारा एक अवैध शराब तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 25.09.2025 को थाना रामराज पर नियुक्त उ0नि0 श्री कंछी सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 अवैध शराब तस्कर अभियुक्त सचिन पुत्र प्रहलाद कौशिक निवासी ग्राम समाना उर्फ रामराज थाना रामराज, मुजफ्फरनगर को ग्राम पुट्टी इब्राहिमपुर में गुप्ता फार्म के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 23 टैट्रा पैक देशी शराब बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रामराज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 61/25 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा अर्न्तजनपदीय मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 शातिर वाहन चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

  दिनांक 25/26.09.2025 की रात्रि को प्र0नि0 श्री बृजेश कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा अर्न्तजनपदीय मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाष करते हुए 02 शातिर वाहन चोर अभियुक्तगण 1. अभिषेक पुत्र महकार निवासी ग्राम इन्चोली थाना इन्चोली जनपद मेरठ व 2. फरमान पुत्र इरशान निवासी बडा मवाना थाना मवाना जनपद मेरठ को जोली रोड से भोपा रोड की तरफ जाने वाले ड्रीम सिटी वाले रास्ते के किनारे खाली पडे ग्राउण्ड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से थाना नई मण्डी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 472/25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 सीडी डीलक्स मोटर साइकिल, 08 स्पलैण्डर मोटर साइकिल, 01 मॉडीफाइड रेहडा, 02 कटी हुई मोटर साइकिल के पार्टस, मोटर साइकिल खोलने के उपकरण, 01 नाजायज चाकू व 01 अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 489/25 धारा 303(2),317(2) बीएनएस व 3/4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार**–

  दिनांक 25.09.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री नन्दकिशोर शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 362/25 धारा 309 बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1. आरजु पुत्र अमित कुमार निवासी ग्राम चित्तौडा थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर व 2. निगम कश्यप पुत्र सोनू कुमार निवासी ग्राम अन्तवाडा थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को फुलत रोड पर पीर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल नम्बर यूपी 12 बीएक्स 7559 व 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार**–

  दिनांक 26.09.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री साजिद मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 3129/18 धारा 323,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त अक्षय कुमार पुत्र हरवीर सिंह निवासी ग्राम छछरौली थाना भोपा, मुजफ्फरनगर अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

  दिनांक 26.09.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त म0उ0नि0 श्रीश्री अजय यादव मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 341/24 धारा 354,354क,504,506 भादवि व 7/8 पोक्सो अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त मुन्तियाज पुत्र मकबूल निवासी ग्राम मोरना थाना भोपा, मुजफ्फरनगर अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार**–

  दिनांक 26.09.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 52/2017 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वारण्टी अभियुक्त महाराज पुत्र खुर्शीद निवासी मौ0 दीन मौहम्मद सुजडू थाना खालापार, मुजफ्फरनगर अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना साइबर काइम पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**–
  दिनांक 25/26.09.2025 को प्र0नि0 श्री सुल्तान सिंह थाना साइबर क्राइम मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 29/2025 धारा 318(4),351 बीएनएस व 66सी,66डी आइटी एक्ट में प्रकाश में आये अभियुक्त दीपक जनखड पुत्र बिट्टूराम निवासी सौपुरा थाना सूरतगढ सदर जिला श्री गंगानगर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 आई फोन मोबाइल, 06 पासबुक, 07 डेबिट कार्ड, 08 चैक बुक व 01 सिम कार्ड मय रैपर बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।